काले कान्हा को कर देंगे लाल मिल के

आओ आओ कृष्ण मुरारी तुम को ढूंढे राधे प्यारी
लेके हाथो में पिचकारी होली खेले गे मतवारी,
आज ब्रिज में करेगे धमाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे लाल मिल के

राधे के संग सखियाँ आई देखो बना बना कर टोली
माई डिअर बन मोहन तुम संग खेले गे हम होली
आज जम कर उडाये गुलाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे लाल मिल के

नीला हरा गुलाबी पीला रंगों की भर भर के झोली
फूलो के है थाल सजाये और संग में लाये है रोली
आज रंग देंगे तुम्हे नन्द लाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे लाल मिल के

हम से कैसे आज बचो गे बोलो कहा छुपो गे कान्हा
तुमको आज नही छोड़े गे चाहे कर लो लाख बहाना
भीम सेन हाल कर दे बेहाल मिल के
काले कान्हा को कर देंगे लाल मिल के

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19876/title/kaale-kanha-ko-kar-denge-laal-mil-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |